# अंतर्कथा

खबरों की विश्वसनीयता हमारी पहचान...


**सुविचार**

जिंदगी जीने का फलसफा मौका निकालो
इंसान को पहचानो वक्त की नजाकत को जानो
फिर जिंदगी से जो चाहे वो पा लो ।।








# बेंगलुरु के PG में बिहार की लड़की की हत्या, रात के अंधेरे में चाकू लेकर घुसा और काट दिया गला


अंतर्कथा प्रतिनिधि

बेंगलुरुः कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में एक खौफनाक मामला सामने आया है। मंगलवार को बेंगलुरु के कोरमंगला में एक पेइंग गेस्ट हाउस (पीजी) में एक 22 साल की लड़की की गला काटकर हत्या कर दी गई। लड़की पीजी में कटे हुए गले के साथ मृत पाई गई। पुलिस ने बताया कि लड़की का नाम कृति कुमारी है और वह बिहार की रहने वाली थी। कृति एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करती थी और कोरमंगला में वीआर लेआउट में एक पीजी में रह रही थी।

वारदात के बाद से आसपास के लोगों में दहशत का माहौल व आक्रोश है। शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार आरोपी मृतका को जानने वाला हो सकता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पीजी में घुसकर उतारा मौत के घाट

मंगलवार रात 11.10 से 11.30 बजे के बीच संदिग्ध व्यक्ति चाकू लेकर पीजी परिसर में घुस गया। उसने तीसरी मंजिल पर एक कमरे के पास कृति



पर हमला किया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही साउथ ईस्ट डिवीजन की डीसीपी सारा फातिमा कोरमंगला पुलिस के साथ घटनास्थल पर पहुंची और शव कब्जे में लिया।

### CCTV में कैद हुई क्रूरता

हत्या के मामले सनसनीखेज CCTV फुटेज सामने आया है।इस फुटेज में हत्या की बेरहमी और हॉस्टल में रहने वालों की संवेदनहीनता साफ दिखाई देती है। मृतका का नाम कृति कुमारी था और उसकी हत्या मंगलवार को कोरमंगला इलाके में उसके पेइंग गेस्ट (PG) हॉस्टल में हुई थी। शुरुआती जांच में पता चला है कि हत्यारा मध्य प्रदेश के भोपाल का रहने वाला अभिषेक है। जो कि कृति कुमारी की दोस्त का सहकर्मी था और उसके साथ प्रेम संबंध में था। अभिषेक की प्रेमिका महाराष्ट्र की रहने वाली थी। अभिषेक अक्सर PG हॉस्टल आता था और अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए भोपाल से बेंगलुरु आता-जाता रहता था।

### प्रेमिका से दूरी का बदला

हालांकि बाद में उनके रिश्तों में खटास आ गई और पीड़िता और उसकी सहेलियों ने उससे दूरी बना ली। कुछ समय पहले अभिषेक PG हॉस्टल आया था और हंगामा किया था। इसके बाद कृति कुमारी ने अपनी दोस्त को दूसरे PG हॉस्टल में शिफ्ट करने में मदद की और दोनों ने उसका फोन उठाना बंद कर दिया। इससे नाराज होकर अभिषेक मंगलवार की रात उस PG हॉस्टल में आया जहां कृति कुमारी रहती थी और उसने इस वारदात को अंजाम दिया।

### ताबड़तोड़ चाकू से हमला करता है अभिषेक

CCTV फुटेज में अभिषेक हाथ में प्लास्टिक की थैली लिए कृति के कमरे की ओर जाता हुआ दिखाई दे रहा है।

# पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी हम सुरक्षित रहेंगे : हेमंत सोरेन

**▸ वन महोत्सव पर्यावरण को सुरक्षित रखने की दिशा में एक बड़ा अभियान है**

अंतर्कथा प्रतिनिधि

रांची : पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी हम सुरक्षित रहेंगे। अगर पेड़- पौधे नहीं होंगे तो प्राणियों पर खतरा उत्पन्न हो जाएगा। भविष्य में ऐसी स्थिति पैदा नहीं हो, इसके लिए पर्यावरण का संरक्षण नितांत आवश्यक है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन शुक्रवार को झारखंड विधानसभा परिसर में आयोजित 75 वां राज्यव्यापी वन महोत्सव को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण



संतुलन के लिए सभी को कदम से कदम मिलाकर चलने की जरूरत है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री और अन्य अतिथि गणों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराया।

### 75 वर्षों से मनाते आ रहे हैं वन महोत्सव

मुख्यमंत्री ने कहा कि 75 वर्षों से हम वन महोत्सव मनाते आ रहे हैं। आप इस बात से अंदाजा लगा सकते हैं कि शुरुआत के वन महोत्सव में जो पौधे लगे होंगे, वे वर्तमान समय में किस स्थिति में होंगे। वन महोत्सव सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि पर्यावरण को सुरक्षित करने का एक बड़ा अभियान है । ऐसे में हम सभी ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने का संकल्प लें, ताकि पर्यावरण में जो असंतुलन पैदा हो रहा है उसे नियंत्रित कर सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल-जंगल और जमीन झारखंड की पहचान रही है। एक ऐसा भी वक्त था, जब राज्य में चारों ओर घने जंगल थे । हर तरफ हरियाली ही हरियाली थी। उसे दौरान यहां वृक्षारोपण की कोई जरूरत नहीं पड़ती थी। लेकिन, जैसे-जैसे विकास की ओर बढ़ते गए, जंगलों पर खतरा पैदा होता गया।

# ममता बनर्जी ने की योजना आयोग की वकालत, कहा- नीति आयोग को खत्म कर देना चाहिए

अंतर्कथा प्रतिनिधि


नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नीति आयोग की बैठक में शामिल होने का एलान किया है। मगर उनका कहना है कि बैठक में हिस्सा सिर्फ बजट के विरोध में लेंगी। शुक्रवार को ममता बनर्जी ने कहा कि नीति आयोग को खत्म कर देना चाहिए और योजना आयोग को वापस लाना चाहिए।

उन्होंने केंद्रीय बजट को राजनीतिक रूप से पक्षपाती करार दिया।बनर्जी का कहना है कि सभी गैर-एनडीए शासित राज्यों की बजट में अनदेखी की गई है। ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा ने सरकार तो



बना ली है, लेकिन उनके पास लोगों का जनादेश नहीं है। मैंने सोचा कि आम मंच पर अपनी आवाज उठाना मेरा कर्तव्य है, हालांकि मुझे पता है कि नीति आयोग के पास कोई वित्तीय शक्ति नहीं है। यह बात उन्होंने शुक्रवार को नई दिल्ली में कही।

# केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मौजूदा टोल टैक्स व्यवस्था खत्म करने की घोषणा की



अंतर्कथा प्रतिनिधि

केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मौजूदा टोल टैक्स व्यवस्था खत्म करने की घोषणा की है। उन्होंने गुरुवार को यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि अब से सड़कों पर लोगों को जगह-जगह रूक कर टोल टैक्स नहीं देना होगा बल्कि यह प्रक्रिया ऑटोमेटिक हो जाएगी।


केंद्रीय परिवहन मंत्री ने कहा कि अब निकास के समय किलोमीटर के हिसाब से नए सिस्टम से स्वत: टैक्स कट जाएगा। यह दो महीने के भीतर शुरू हो सकता है। उन्होंने बताया कि सड़क के उपयोग के आधार पर पैसा सीधे बैंक खातों से काटा जाएगा, जिससे यात्रियों का समय और पैसा बचेगा|

# आपातकाल पर गठित शाह समिति की रिपोर्ट को संसद में पेश करें

**▸ सभापति जगदीप धनखड़ ने सरकार को दिया निर्देश**

अंतर्कथा प्रतिनिधि

नई दिल्ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सरकार से आपातकाल की ज्यादतियों पर तैयार की गई शाह आयोग की रिपोर्ट को सदन पर रखने की संभावना तलाशने को कहा। उन्होंने कहा कि साल 1980 में इंदिरा गांधी के नेतृत्व में सरकार बनी तो शाह आयोग की रिपोर्ट को नष्ट कर दिया गया। लेकिन शाह आयोग की रिपोर्ट की एक प्रति आस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय पुस्तकालय में उपलब्ध है।



### धनखड़ ने सरकार से संज्ञान लेने को कहा

धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि शाह आयोग ने लोकतंत्र के सबसे काले दौर की जांच की थी। शाह आयोग की रिपोर्ट 1975 में देश में लागू किए गए आपातकाल के दौरान हुए अत्याचारों से संबंधित है।

उप राष्ट्रपति धनखड़ ने झारखंड से भाजपा सांसद दीपक प्रकाश के इस मुद्दे को उठाने को लेकर सरकार को मामले का संज्ञान लेने को कहा।उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट से सदन के सदस्यों और जनता को बढ़े स्तर पर लाभ होगा। दरअसल राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान झारखंड से भाजपा सांसद दीपक प्रकाश ने शाह आयोग की रिपोर्ट का मामला उठाया था।

इस पर सभापति धनखड़ ने भी समर्थन दिया और कहा कि 'सरकार को (शाह आयोग की) प्रामाणिक रिपोर्ट हासिल करने और सांसदों और आम जनता के फायदे के लिए शाह आयोग की रिपोर्ट सदन के पटल पर रखने की संभावना तलाशनी चाहिए।'

इससे पहले भाजपा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि साल 1977 में गठित शाह आयोग की 100 बैठकें हुईं और 48 हजार दस्तावेजों का मूल्यांकन किया गया था।

# विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर सियासी सरगर्मी तेज

## भाजपा की आजसू के साथ गठबंधन, सरयू राय और जयराम महतो पर भी नज़र

अंतर्कथा प्रतिनिधि




रांचीः झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर सियासी सरगर्मी के बीच आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश महतो ने नई दिल्ली में बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। वहीं जमशेदपुर पूर्वी के निर्दलीय विधायक सरयू राय भी दिल्ली में हैं। हालांकि दिल्ली दौरे के बारे में सरयू राय का कहना है कि पर्यावरण से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट के सीनियर अधिवक्ताओं से मिलने पहुंचे है। लेकिन राजनीतिक हलकों में सरयू राय के इस दिल्ली दौरे को सियासत से भी जोड़ कर देखा जा रहा है। दूसरी तरफ झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) सुप्रीमो जयराम महतो दिल्ली दौरे से वापस लौट आए। गुरुवार को रांची में पत्रकारों से बातचीत में जयराम महतो ने हेमंत सोरेन सरकार की नियोजन नीति को लेकर सरकार पर निशाना साधा।

**बीजेपी और आजसू पार्टी के बीच गठबंधन पर बनी सहमति!**

झारखंड में विधानसभा चुनाव में बीजेपी और आजसू पार्टी के बीच गठबंधन को लेकर लगभग सहमति बन गई है। अब सीटों के बंटवारे के फार्मूले को अंतिम रूप देने का काम किया जा रहा है। यदि सीटों के बंटवारे पर सहमति बन जाती है, तो गठबंधन को लेकर जल्द ही दोनों दलों के नेताओं की ओर से औपचारिक ऐलान कर दिया जाएगा। 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा में बीजेपी आजसू पार्टी को छह या सात सीटें देने को सहमत हैं, हालांकि आजसू पार्टी की ओर से कम से कम 10 से 11 सीटों पर दावा किया जा रहा है। बीजेपी आजसू पार्टी को जो सीटें देने को तैयार है, उनमें सिल्ली, गोमिया, रामगढ़, बड़कागांव, तमाड़ और मांडू शामिल है। जबकि ईचागढ़ विधानसभा सीट पर अब भी जिच कायम हैं। इसके अलावा आजसू पार्टी की ओर से गांडेय, चंदनकियारी, पाकुड़ और लोहरदगा सीट पर भी दावेदारी की जा रही है। इस सिलसिले में सुदेश महतो ने नई दिल्ली में बीजेपी के झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह से भी मुलाकात की। जबकि केंद्रीय मंत्री अमित शाह के रांची आगमन पर भी सुदेश महतो ने उनसे मुलाकात कर गठबंधन पर चर्चा की थी।

**सरयू राय जेडीयू के साथ मिलकर लड़ेंगे चुनाव, बीजेपी करेगी मदद!**

वर्ष 2019 में जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा सीट से तत्कालीन मुख्यमंत्री और बीजेपी उम्मीदवार रघुवर दास को पराजित कर सरयू राय ने सभी को चौंका दिया था। इस बार सरयू राय की पार्टी भारत जन मोर्चा (भाजमो) जेडीयू के साथ मिलकर चुनाव लड़ना चाहती है। इस सिलसिले में नीतीश कुमार से सरयू राय की हाल के दिनों में दो बार मुलाकात हो चुकी है। नीतीश कुमार भी बीजेपी के साथ गठबंधन कर झारखंड में आठ से दस सीटों पर चुनाव लड़ना चाहते हैं।

## रक्त की कमी से गंभीर महिला मरीज को संस्था ने उपलब्ध कराया रक्त



अंतर्कथा प्रतिनिधि

कतरास श्री कृष्णा मातृ सदन अस्पताल में ईलाजरत 30 वर्षीय महिला गीता देवी के शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा बहुत कम हो गई थी मरीज के घर वालों ने अपने माध्यम से मरीज के लिए रक्तदान कर रक्त उपलब्ध कराया था परंतु डॉक्टर ने कहा कि एक यूनिट ए पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता अभी भी हैं। घर वालों ने इसकी सूचना सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल को दिया और एक यूनिट रक्त उपलब्ध कराने का आग्रह किया इसके पश्चात संस्था के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान ने श्रीनिवास ब्लड सेंटर के प्रबंधक आशुतोष झा से मरीज के रक्त प्रदान करने का आग्रह जिसे स्वीकार करते हुए मरीज के लिए रक्त प्रदान कर दी गई।

## धनबाद प्रेस क्लब चुनाव : 21 पदों के लिए 55 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया

अंतर्कथा प्रतिनिधि



धनबाद : चुनाव सत्र 2024-27 के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के अंतिम तिथि 25 जुलाई को समाप्त हो गयी एवं नामांकन पत्रों की जांच के बाद कुल 21 पदों के लिए 49 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया. स्क्रूटनी में सभी जमा फार्म सही पाया गया. नाम वापसी की तिथि 26 जुलाई तक है जो उम्मीदवार अपना नाम वापस लेना चाहते हैं वह आवेदन दे सकते हैं. क्लब का 3 अगस्त को होने वाले चुनाव में कुल मतदाता 232 है जो अपना मत का प्रयोग करेंगे. धनबाद प्रेस क्लब का चुनाव में भाग लेने वाले 55 उम्मीदवारों ने फार्म को भर कर चुनाव पदाधिकारी विजय पाठक व अभय भट्ट के पास गुरुवार को जमा कर दिया गया. फार्म जमा करने वालों में अध्यक्ष पद के लिए संजीव झा, रामजी यादव व विनोद त्रिपाठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए और अरुण बरनवाल व अभिषेक सिंह, शशि भूषण राय कोषाध्यक्ष के लिए लखन यादव, मनोज शर्मा, महासचिव पद के लिए अजय प्रसाद आशीष अम्बष्ठ व दिलीप तांती, उपाध्यक्ष पद के लिए कुल 10 उम्मीदवारों बलवंत कुमार, सुरेंद्र यादव, राजेन्द्र वर्मा, प्रतीक पोपट, धीरेन्द्र कुमार, उमेश तिवारी, नवनीत, शरद चन्द्र, उमेश पासवान, अमर कुमार, सचिव पद के लिए 9 उम्मीदवारों संजय चौरसिया, मोहन गोप, राममूर्ति पाठक, संजय कुमार, नवीन राय, गौतम डे, संजय कुमार, चंदन पाल, प्रकाश कुमार, दिलशाद खान, कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए विक्की प्रसाद, गोपाल प्रसाद, राकेश कुमार महतो, रवींद्रनाथ चौरसिया, रोशन सिन्हा, राजेश साव, विपिन रजक, कन्हैया कुमार, शंभवी सिंह, शिल्पा सिंह, राजकुमार जायसवाल, शब्बीर आलम, नीरज राउत, दिलीप विश्वकर्मा, अनिल पांडे चुनाव मैदान में हैं. चुनाव पदाधिकारी विजय पाठक व अभय भट्ट ने बताया कि चुनाव पूरी तरह से निष्पक्ष होगा.

## सीमा सुरक्षा बल त्रैमासिक ई-पत्रिका "मेरू ग्रैफिटी" का विधिवत विमोचन

अंतर्कथा प्रतिनिधि



दारू (हजारीबाग) : प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, मेरू कैंप, हजारीबाग में श्री के0 एस0 बन्याल, महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय द्वारा परिसर स्थित प्रशासनिक भवन कॉन्फ्रेन्स हॉल में सीमा सुरक्षा बल मेरू परिवार पर अध्ययन संकाय द्वारा संकलित व संपादित त्रैमासिक ई-पत्रिका "मेरू ग्रैफिटी" के पंद्रहवें ई-संस्करण अवधि 11 अप्रैल 2024 से 10 जुलाई 2024 का विधिवत विमोचन किया गया। इस मौके पर श्री राकेश रंजन लाल, उपमहानिरीक्षक (प्रश0), श्री राजेश कुमार, उपमहानिरीक्षक (एस0टी0एस0), श्री डी0 के0 प्रमाणिक, उपमहानिरीक्षक(प्रशि0), श्री सत्यवान खैंची, समादेष्टा, व प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय के सभी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

यह पत्रिका सीमा सुरक्षा बल के आई0 पी0 पी0 नेटवर्क/ई-मेल व अन्य डिजिटल प्लेटफार्म द्वारा निर्गत की जाएगी। इस संस्करण में प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय द्वारा गत तीन माह (11 अप्रैल 2024 से 10 जुलाई 2024) की अवधि में किए गए क्रियाकलापों विशेषकर प्रशिक्षण, प्रशासनिक, सांस्कृतिक, उच्च अधिकारियों का दौरा, बावा गतिविधियाँ, विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन आदि के क्षेत्र में किये गए कार्यों में से कुछ की झलकियाँ दिखाई गई है।

विदित रहे कि इस पत्रिका का चैदहवां ई-संस्करण दिनांक 31 अप्रैल 2024 को जारी किया जा चुका हैं वर्तमान संस्करण पत्रिका सभी पाठकों तक पहुंचे इसे पुनः ई-स्वरूप में जारी किया गया है।

## वन विभाग ने नापो खुर्द से अवैध एक आरा मशीन व चार ट्रैक्टर लकड़ी का बोटा किया जप्त




अंतर्कथा प्रतिनिधि

बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत नापोखुर्द से गुप्त सूचना के आधार पर बड़कागांव रेंजर कमलेश सिंह के नेतृत्व में वन विभाग के टीम एक अवैध आरा मशीन तथा चार ट्रैक्टर चीरान व लकड़ी का बोटा जप्त करके बड़कागांव वन कार्यालय लाया गया है। कार्रवाई से अवैध आरा मशीन चलाने वाले माफियाओं में हड़कंप मची हुई। इससे पूर्व भी नापोखुर्द से अवैध आरा मशीन को वन विभाग ने जप्त किया था।वहीं वन पदाधिकारी ने बताया कि एक अवैध आरा मशीन व चार ट्रैक्टर चीरान पटरा तथा लकड़ी का बोटा जप्त किए हैं और आरोपियों को चिन्हित करके आगे के करवाई अग्रसारित है।करवाई में बड़कागांव व सदर वन क्षेत्र के पदाधिकारी व वनकर्मी के अलावे बड़कागांव थाना के एसआई आशिष भगत के अलावे सशस्त्र बल के जवान शामिल थें।

# आदिवासियत सिर्फ कागजों पर नहीं दिखनी चाहिए : जयराम महतो

## नेमरा-गोला छोड़कर बाकी दूसरे जगह की जमीन हेमंत सोरेन को मूल रैयत को लौटा देना चाहिए

अंतर्कथा प्रतिनिधि




रांची: झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति यानी JBKSS के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने आज रांची के प्रेस क्लब में मीडिया से बातचीत की. संवाद के दौरान आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी रणनीति से जनता को अवगत कराया. इस दौरान उन्होंने कहा कि आदिवासियत सिर्फ कागजों पर नहीं दिखनी चाहिए.

जयराम महतो ने “अपना-अपना करो सुधार, तभी मिटेगा भ्रष्टाचार” के कथन का अनुसरण करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को नेमरा-गोला को छोड़कर बाकी जहां भी हेमंत सोरेन की जमीन है उसे आदिवासियों (मूल खातियानियों) को वापस कर देनी चाहिए.

मीडिया से बातचीत करते हुए जयराम महतो ने कहा जनता की उम्मीद पर वे खरा नहीं उतर पाए।

जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने मीडिया संवाद के दौरान कहा कि जिस उम्मीद के साथ 2019 में राज्य की जनता ने सत्ता परिवर्तन कर कुर्सी महागठबंधन और हेमंत सोरेन को सौंपी थी वह उम्मीद पूरी नहीं हुई.

JBKSS द्वारा राज्य में अगला विधानसभा चुनाव पूरे दमखम के साथ और अकेले लड़ने का ऐलान किया है. जयराम महतो ने कहा कि पहले उन्होंने 55 विधानसभा सीट पर उम्मीदवार उतारने की बात कही थी लेकिन पलामू जिले में जिस तरह का उत्साह JBKSS को लेकर है उसके बाद सीटें बढ़ सकती है.स्थानीय लोगों को ज्यादा से ज्यादा नौकरी मिले- जयरामजयराम महतो ने कहा कि जेपीएससी द्वारा नगर निगम की ली गयी परीक्षा में ओपन फॉर ऑल में बाहरी लोग आ गए हैं.

हमारे पास दो लिस्ट है एक में दूसरे प्रदेश से राज्य में नौकरी पाए लोगों की है तो दूसरा लिस्ट उन मजदूरों की है जो राज्य छोड़कर दूसरे राज्य रोजी-रोटी की तलाश में गए थे और उनकी मौत हो गयी.

क्या इसी के लिए झारखंड राज्य बना था. कई अन्य राज्य तरह-तरह का नियम कानून बनाकर बाहरी प्रदेश के लोगों के लिए ओपन फॉर ऑल की सीट को भी बाहरी लोगों के लिए कठिन बना देते हैं, ऐसे ही कुछ नियम यहां भी बनाना होगा.


जयराम महतो का कहना है कि कैमरून में फंसे मजदूरों के वापस आने पर गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन उनके साथ फोटो खींचवा रही थीं, जो आ गया वह तो खुशी की बात है लेकिन जिनकी मौत हो गयी उसके बारे में सोचिए, क्या इसी दिन के लिए राज्य का निर्माण हुआ था.

हम किसी के सम्पर्क में नहीं-

जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने कहा कि वह किसी भी पार्टी या नेता के सम्पर्क में नहीं है. कुछ पार्टियों के नेता पिछले दिनों उनसे सम्पर्क किया था लेकिन अभी किसी से सम्पर्क में नहीं है. सरयू राय से किसी भी तरह के गठबंधन की संभावना से इंकार करते हुए जयराम महतो ने कहा कि वह जहां हैं वहां ठीक हैं.

# उपायुक्त ने किया बीओआई एक्सटेंशन ब्रांच का उद्घाटन

अंतर्कथा प्रतिनिधि



धनबाद : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने शुक्रवार को बैंक ऑफ़ इंडिया, मिश्रित भवन (एक्सटेंशन ब्रांच) का उद्घाटन कलेक्ट्रेट के प्रथम तल पर किया। इस अवसर पर बैंक ऑफ़ इंडिया, एफ़.जी.एम.ओ., रांची के महाप्रबंधक मनोज कुमार ने बताया कि एक्सटेंशन ब्रांच में अन्य शाखाओं की तरह नया अकाउंट, लोन, एटीएम, कैश डिपोजिट सहित सभी तरह की बैंकिंग सेवा ग्राहकों को प्रदान की जाएगी। मौके पर उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, अपर समाहर्ता श्री विनोद कुमार, बैंक ऑफ़ इंडिया के आंचलिक प्रबंधक, धनबाद अंचल विकास रंजन पटनायक, उप - आंचलिक प्रबंधक दिनेश प्रसाद, अग्रणी जिला प्रबंधक अमित कुमार, कंबाइंड बिल्डिंग शाखा के वरीय शाखा प्रबंधक राजेश कुमार कुशवाहा, आंचलिक विपणन प्रभारी कवलप्रित सिंह, एक्सटेंशन ब्रांच के प्रबंधक शशि शेखर कुमार, विपणन प्रबंधक प्रशांत कुमार, राहुल प्रसाद के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

# प0 बंगाल कुल्टी, रानीतालाब उत्तर कोइरी पाड़ा शिव मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई

अंतर्कथा प्रतिनिधि



कुल्टी, कुल्टी रानीतालाब उत्तर कोइरी पाड़ा शिव मंदिर से शुक्रवार को कलश यात्रा निकाली गई। जो रानीतालाब, संन्यासी स्थान, एलसी मोड़, बराकर बसस्टेंड, बेगुनिया बाजार तथा स्टेशन रोड के रास्ते मद्रासी पाड़ा होते हुए बराकर नदी पंहुची। पांच किलोमीटर पैदल चली कलश यात्रा में ट्राफिक पुलिस की समुचित व्यवस्था थी। लगभग 151 महिलाए कलश यात्रा में शामिल थी। जो भजन करते हुए गंतव्य स्थान तक पैदल पहुंची।

कोइरी पाड़ा शिव मंदिर में एक दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान को लेकर मंदिर में श्रीगणेश, मां पार्वती और नंदी की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। जहां पंडित राजेन्द्र शास्त्री, दिवाकर शास्त्री, महेंद्र शास्त्री और निरंजन शास्त्री हवन-पूजन करने के बाद मंत्रोचारण के माध्यम से विधिवत कार्यक्रम आयोजित किया। इस के पूर्व वैदिक पूजन हुइ जहां चारों वेद का अनुसरण किया गया। इस दौरान तीनों मूर्ति को जल, दूध, घृत, अन्न, मिठाई को भोग लगाने के बाद सभी देवताओ को श्यानकक्ष में ले जाया जायेग और भंडारा के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होगी। अनुष्ठान में मुख्य जजमान रंजीत चौधरी और उन्की धर्मपत्नी थी।

इस अवसर पर रानीतालाब उत्तर कोइरी पाड़ा के सुभाष चौधरी, राणू शर्मा, प्रकाश महतो, जय गुरु चौधरी, पंकज शर्मा, रामप्रसाद महतो, प्रेमनाथ पांडेय, भीम महतो, राजेन्द्र महतो समेत बड़ी संख्या में महिलाए उपस्थित थी।

# भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद के समर्थन में कटकमदाग में हुई बैठक

- सभी ने एक स्वर से सामाजिक सेवाओं में मिसाल पेश करने वाले भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद का किया समर्थन

अंतर्कथा प्रतिनिधि



दारू: सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड में उप प्रमुख विमल गुप्ता की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से कटकमदाग के मंडल अध्यक्ष,जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ो की संख्या में आम जनता मौजूद रही। बैठक में सभी ने एक स्वर से भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद को अपना समर्थन दिया। वहीं बैठक में पहुंचे भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद के समर्थक ने प्रदीप प्रसाद के सामाजिक सेवा को विस्तार पूर्वक बताया, बताया कि इनके द्वारा हरियाली महोत्सव के निमित्त 85 हजार से भी अधिक पौधों रोपण एवं पौधा का वितरण किया जा चुका है इसके अलावा कई सामाजिक कार्य 365 दिन श्री प्रसाद के द्वारा किया जाता है जैसे अनेकों सामाजिक क्रियाकलाप को विस्तार पूर्वक प्रखंड के लोगों को बताया गया। वहीं दूसरी और उप प्रमुख विमल गुप्ता ने कहा कि सामाजिक सेवा में सदैव समर्पित रहते हैं भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद हम सभी प्रखंड वासी इनका भरपूर समर्थन करते हैं। तथा उनके साथ कदम से कदम चलने का हम सभी संकल्प लेते हैं। ऐसे व्यक्ति का निर्वाचित होना सदर विधानसभा क्षेत्र के लिए गर्व का विषय होगा हम सभी की शुभकामनाएं और भरपूर समर्थन प्रदीप प्रसाद के साथ है। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर से प्रदीप प्रसाद का समर्थन करते हुए उनके साथ कदम से कदम चलने का संकल्प लिया।

# श्रावणी पूजा को लेकर बड़कागांव थाना शांति समिति का बैठक आज

अंतर्कथा प्रतिनिधि



बड़कागांव। श्रावणी पूजा को लेकर 27 जुलाई शनिवार को दोपहर 3:00 बजे बड़कागांव थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। जिसमें बड़कागांव प्रखंड के तमाम बुद्धिजीवियों, प्रबुद्ध सामाजिक व्यक्तियों, पंचायत जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों को सादर आमंत्रित है। उक्त आशय कि जानकारी बड़कागांव थाना प्रभारी ने दी।

# बिहार : बच्चे-बूढ़े सभी के हाथों में दिखे जहरीले सांप, समस्तीपुर के अनोखे मेले की अजब कहानी

अंतर्कथा प्रतिनिधि

समस्तीपुर (बिहार) : बिहार के समस्तीपुर जिला मुख्यालय से करीब 23 किलोमीटर दूर विभूतिपुर प्रखंड के सिंघिया घाट पर नागपंचमी के दिन सांपों का अनोखा मेला लगता है। इस मेले में बच्चे से लेकर बूढ़े तक, जहरीले सांपों को गले में माला की तरह लपेट कर घूमते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार यह सांप तंत्र-मंत्र के जरिए नदी से निकाले जाते हैं और बाद में पूजा करने के बाद इन सांपों को फिर से जंगल में छोड़ दिया जाता है। बताया जाता है कि नागपंचमी के दिन सांपों को पकड़ने की



प्रथा के तहत, सिंघिया घाट का यह मेला तीन सौ सालों से ज्यादा वक्त से लग रहा है। यह परंपरा कई पीढ़ियों से चली आ रही है।

### वर्षों पुरानी परंपरा

स्थानीय लोगों के अनुसार बरसों से चले आ रहे इस मेले में आज तक किसी को भी सांप ने नहीं डसा है। इस बार 9 अगस्त को नागपंचमी है। लेकिन, सांपों के साथ झूमते भक्त और भजन गाते लोग अभी से ही दिख रहे हैं। मान्यता के अनुसार, इस दिन सांप नदी से निकल कर लोगों के बीच आता है। हैरानी की बात यह है कि सांप भक्तों को डसता नहीं है। इस मेले के दौरान पुजारी मृदंग बजाते हैं और भजन भी गाते हैं। इस मेले की तैयारियां दो से तीन महीने पहले ही शुरू हो जाती है। नागपंचमी के दिन स्थानीय लोग हजारों की संख्या में झुंड बनाकर नदी किनारे झोला या बोरा में सांपों को लेकर जाते हैं। इस दौरान भगत डुबकी लगाकर सांपों को नदी से निकालकर दिखाता है.

### सपने में सांप ने बोला

इस दौरान कानून व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन भी मौजूद रहता है। विभूतिपुर प्रखंड के अंतर्गत ही एक बेलसंडी तारा गांव है, जहां सांपों को पकड़कर पूजा की जाती है। स्थानीय लोगों के अनुसार यहां पहले सिर्फ नागपंचमी पर पूजा की जाती थी। लेकिन, भगत के करतब को देख यहां भी सांप पकड़ने का न्यूज़ फास्ट। सिलसिला शुरू हो गया। यहां की रहने वाली एक महिला इंदु देवी दो वर्षों से सांपों के साथ पूजा करने लगी हैं। वह अपने गले में सांप को लपेट कर सैकड़ों झुंडों के साथ ढोल की धुन पर थिरकते नजर आती हैं।


### सांपों का मेला

इंदु देवी ने बताया कि उसे सपने में खुद सांप ने आकर ऐसा करने के लिए कहा था। हालांकि, कुछ लोग इसे महज अंधविश्वास का एक खेल बताते हैं। इन लोगों का कहना है कि सांपों के दांतों को तोड़ दिया जाता है और यह एक क्रूर बर्ताव है। बाद में इन सांपों की मौत भी हो जाती है। कुल मिलाकर मेला आस-पास के गांवों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहता है। भारी संख्या में लोग आकर सांपों के इस मेले का आनंद उठाते हैं। नाग पंचमी के दिन लोगों का इंतजार रहता है ताकि इस सांप मेले में शामिल हो सकें।

## झरिया के देवप्रभा कैम्प में काम मांगने आए 30 वर्षीय युवक को हॉलपैक ने कुचला

**▸ गुस्साए ग्रामीणों ने कैंप में खड़े वाहनों को किया आग के हवाले, पुलिस ने मोर्चा संभाला**

अंतर्कथा प्रतिनिधि



धनबाद :झरिया के लोदना ओपी अन्तर्गत सुशी पेटीकांट्रेक्ट देव प्रभा कैंप के अंदर काम मांगने आए 30 वर्षीय युवक सूरज माली को हॉलपैक ने कुचला। परिजनों का आरोप देव प्रभा प्रबंधन शव को लेकर भागते हुए स्थानीय लोगों ने देखा।

शव के अवशेष देख आक्रोशित ग्रामीणों ने कैंप में खड़े वाहनों को किया आग के हवाले। दर्जनों बाईक और कैंप को किया तहस नहस। दो महीने से काम की तलाश में दौड़ रहा था मृतक सूरज। सिंदरी अनुमंडल के सभी थाना प्रभारी व दलबल के साथ पुलिस ने मोर्चा संभाला। कैंप के अंदर देव प्रभा प्रबंधन कुंभनाथ सिंह और कर्मचारी फंसे। लोदना ओपी की है घटना।

## आयुष फाउंडेशन धनबाद ने किन्नरों के साथ मनाया सावन उत्सव

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : जामाडोबा स्थित छम छम देवी जी के निवास पर आयुष फाउंडेशन धनबाद ने किन्नरों के साथ मिलकर सावन उत्सव का आयोजन किया। समाज में आमतौर पर किन्नरों को केवल बधाई देने के लिए ही बुलाया जाता है, लेकिन सरकार द्वारा उन्हें ओबीसी का दर्जा दिए जाने और समान अधिकार दिलाने के प्रयासों के बावजूद आमजन उनसे दूरी बनाए रखते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए, आयुष फाउंडेशन ने किन्नरों को कुछ खुशनुमा पल देने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया।

# बांसजोड़ा के सभी ग्रामीण मिलकर रहे आपके भला के लिए हम जल्द ही एक्शन प्लान लाने वाले है : किशन रेड्डी

अंतर्कथा प्रतिनिधि

लोयाबाद। बांसजोड़ा के ग्रामीण सभी मिलकर रहें मतभेद ना करें आपके बेहतर के लिए एक्शन प्लान लाने वाले हैं जो भी करेंगे आपका भला करेंगे मैं माननीय प्रधानमंत्री का दूत बनकर आया हूं अग्नि प्रभावित समस्या ब्रिटिश जमाने से है इसे जल्द हल करने का निर्णय लिया गया है उक्त बाते कोयला मंत्री किशन रेड्डी ने बांसजोड़ा ग्रामीणों को संबोधित कर कहा।



कोयला मंत्री श्री रेड्डी अपनी काफिले के साथ गुरूवार को 2:15 बांसजोड़ा 6 नंबर समीप पहुंचे जहां पर अग्नि प्रभावित 12 नंबर एवं लोयाबाद 7 नंबर के सैकड़ो ग्रामीणों ने ग्रामीण एकता मंच के बैनर तले बिनोद पासवन तथा दूसरा मिशन मोदी के बैनर तले जिला अध्यक्ष राजेश गुप्ता दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ कोयला मंत्री श्री रेड्डी को फूल माला पहनकर तथा फूलों का गुलदस्ता देगा उनका स्वागत किया तथा उन्हें अपनी समस्या को सुनाते हुए ज्ञापन सोपा। तत्पश्चात कोयला मंत्री 6 नंबर अग्नि प्रभावित क्षेत्र के समीप बने स्टेज पर पहुँचे तथा ब्यू पॉइंट आग तथा 12 न० घनी आबादी का मुआयना किये। तथा वही बीसीसीएल अधिकारियो ने सारी वस्तु स्थिति से अवगत कराया । तत्पश्चात वहां से वे बांसजोड़ा यज्ञ मंडप के समीप अग्नि प्रभावित क्षेत्र में बने स्टेज के पास पहुंचे जहां से उन्हें व्यू पॉइंट से आग और गैस की स्थिति से अवगत कराया गया। साथ ही साथ वहां रह रहे ग्रामीणो के विस्थापन और मुआवजा को लेकर ग्रामीणों से सीधी बातो को सुना गया। जिसमे रामाशंकर महतो और गीता सिहं ने ग्रामीण की ओर से समस्यायों को रखा इसी दौरान बांसजोड़ा बस्ती के एक रैयत ग्रामीण सुभाष महतो ने अपनी समस्याओं को रखते हुए जब यह कहा कि रैयत के जमीन पर गुंडो के बल पर यहां आउटसोर्सिंग कंपनी काम कर रही है बदले में हमलोगो को नियोजन व मुआवजा नहीं दे रही है । इसी बात पर कांग्रेस नेता राजकुमार महतो के समर्थकों एवं ग्रामीणो ने इस पर जमकर विरोध किया । और मंत्री जी के सामने सांसद दूल्लू महतो मूर्दाबाद , यह गुण्डा व चोर है,ये कोयला चोर है, इसकी गुण्डा गर्दी यहॉ नही चलने देगें । कुछ देर के लिए वहां काफी हंगामा मच गया। हालांकि पुलिस ने मौके पर तुरंत इसे कंट्रोल किया इसके बाद कोयला मंत्री किशन रेड्डी ने मंच को संभालते हुए लोगों से अपील करते हुए सर्वप्रथम भारत माता की जय का नारा लगाए तत्पश्चात उन्होंने आगे कहा कि मैं प्रधानमंत्री के आदेश पर आप लोग से मिलने आया हूं मैं भी किसान परिवार से आता हूं जो आप लोग समस्या से जूझ रहे हैं यह 100 साल पुराना ब्रिटिश जमाने से यह समस्या है जिसको आप दो तीन पुश्तो से झेलते आ रहे हो । अब हमारी सरकार इस समस्या को हल करने का निर्णय लिया है हमने आपकी सारी दु:खी बातों को सुना है आपके ज्ञापन भी मैंने लिया है। आपकी सारी समस्याओं को मैं प्रधानमंत्री के समक्ष रखूंगा और इस समस्या को जरूर हम लोग मिलकर दूर करेंगे। और उन्होंने ग्रामीणों से एक अपील किया कि सभी लोग को मिल-जुलकर रहने की जरूरत है।







स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक विनोद आनंद (विनोद कुमार मंडल) के लिए सहयोग प्रिंटर्स एंड पब्लिकेशन, रतनपुर, पो-गोविन्दपुर, जिला - धनबाद, झारखंड, पिन- 828109 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक-'विनोद आनंद, कार्यालय-रतनपुर, पो गोविन्दपुर, जिला-धनबाद, झारखंड - 828109, (पी आर बी के तहत खबर चयन के लिए जिम्मेवार), आरएनआई पंजीयन संख्या 68458/98